MAHD-09

December - Examination 2019

MA (Final) Hindi Examination

लोक साहित्य

Paper - MAHD-09

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **$8 \times 2 = 16$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) लोकसंस्कृति संस्थान 'रुपायन' की स्थापना किसने की?

(ii) 'ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन; (1948 ई.) पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

(iii) 'बाताँ री फुलवाड़ी' कहानी संकलन किस लोक साहित्य के विद्वान की देन है? नाम लिखिए।

(iv) लोकगाथा किसे कहते हैं?

(v) 'बीकानेर की रम्मत' लोक साहित्य की किस विधा से सम्बन्धित है?

(vi) लोककथा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(vii) तेरहताली नृत्य किस तरह प्रस्तुत होता है? संक्षेप में लिखिए।

(viii) गोगानवमी हिन्दू पंचाग में किस माह और तिथि को मनाई जाती है?

खण्ड – ब **$4 \times 8 = 32$**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) लोकवार्ता का अर्थ एवं स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके लोक साहित्यिक स्तर पर प्रकाश डालिए।

3) राजस्थानी लोकसाहित्य के अध्येयताओं के अध्यपन का वैशिष्ट्य बताइए।

4) 'लोकगीत' अखण्ड रस के स्त्रोत होते हैं'। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

5) लोकसाहित्य और शिष्ट साहित्य में अन्तर लिखिए।

6) राजस्थान के प्रमुख लोकनृत्यों पर प्रकाश डालिए।

7) भोजपुरी लोकसाहित्य के महत्त्व को समझाइए।

8) खड़ी बोली के लोकनाट्य रुपों का वर्णन कीजिए।

9) लोकसाहित्य के संकलन की प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।

खण्ड – स $2 \times 16 = 32$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) लोकनृत्य के उद्‌भव और विकास का उल्लेख करते हुए राजस्थान के प्रमुख लोकनाट्य रूपों का वर्णन कीजिए।

11) 'ब्रजलोक साहित्य' पर एक लेख लिखिए।

12) खड़ीबोली के लोकगीतों की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

13) राजस्थानी लोकगाथाओं के प्रमुख लक्षणों का उल्लेख करते हुए 'तेजाजी' लोकगाथा पर प्रकाश डालिए।

———